हिमाचल दस्तक

## न्यूज 1 नजर में

# धामी कॉलेज में स्थापना दिवस मनाया

**सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी में स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। महाविद्यालय की स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने महाविद्यालय की प्रशस्ति में स्वरचित एक भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वे महाविद्यालय को निरंतर उन्नति की राह पर आगे बढ़ाते रहेंगे। समाजशास्त्र विभाग के प्राध्यापक प्रो. दिनेश शर्मा ने महाविद्यालय की दस वर्षों की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए भविष्य की योजनाओं एवं समग्र विकास की रूपरेखा प्रस्तुत की। इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के दस वर्षों के गौरवपूर्ण इतिहास को विस्तार से प्रस्तुत किया, जबकि भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने इस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, प्राकृतिक विशेषताओं एवं सामरिक महत्व पर प्रकाश डाला। भूगोल विभाग द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में इक्वेटर ईलाइट टीम ने प्रथम स्थान तथा मेरीडियन मास्टर टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# राजकीय महाविद्यालय धामी में स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक सम्पन्न

दैनिक आवाज़
जनादेश/सुन्नी

राजकीय महाविद्यालय धामी में स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। महाविद्यालय की स्थापना के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने महाविद्यालय की प्रशस्ति में स्वरचित एक भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वे महाविद्यालय को निरंतर उन्नति की राह पर आगे बढ़ाते रहेंगे। समाजशास्त्र विभाग के प्राध्यापक प्रो. दिनेश शर्मा ने महाविद्यालय की दस वर्षों की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए भविष्य की योजनाओं एवं समग्र विकास की रूपरेखा प्रस्तुत की। इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के दस वर्षों के गौरवपूर्ण इतिहास को विस्तार से प्रस्तुत किया, जबकि भूगोल विभाग के



विद्यार्थियों ने इस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, प्राकृतिक विशेषताओं एवं सामरिक महत्व पर प्रकाश डाला। भूगोल और इतिहास विभाग की ओर से विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। यह गतिविधियां प्रो साची सूद और डॉ सविता के मार्गदर्शन मे की गईं। भूगोल विभाग द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में इक्वेटर ईलाइट टीम ने प्रथम स्थान तथा मेरीडियन मास्टर टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा हिमानी ने करयाला विषय पर पीपीटी प्रस्तुत की। लक्ष्मी (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने भीमशीला दानो घाट पर एक वृत्तचित्र प्रस्तुत किया तथा भैरवी शर्मा (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने डग्याली उत्सव पर आधारित डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विजेता टीमों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम के समापन पर भूगोल विभाग की प्राध्यापक प्रो. साची सूद ने प्राचार्य, प्राध्यापक एवं गैर-प्राध्यापक वर्ग तथा विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने सभी के सहयोग से कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। स्थापना दिवस का यह आयोजन महाविद्यालय परिवार के लिए गौरव और उत्साह का प्रतीक रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

MY NET TV

निष्पक्ष,निर्भीक,निश्छल

# डिजिटल समाचार

Wednesday 25th February 2026 website: mynettv. online

# राजकीय महाविद्यालय धामी में स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक सम्पन्न




धामी (सोलह मील): राजकीय महाविद्यालय धामी में स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। महाविद्यालय की स्थापना के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने महाविद्यालय की प्रशस्ति में स्वरचित एक भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वे महाविद्यालय को निरंतर उन्नति की राह पर आगे बढ़ाते रहेंगे।

समाजशास्त्र विभाग के प्राध्यापक प्रो. दिनेश शर्मा ने महाविद्यालय की दस वर्षों की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए भविष्य की योजनाओं एवं समग्र विकास की रूपरेखा प्रस्तुत की।

किया, जबकि भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने इस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, प्राकृतिक विशेषताओं एवं सामरिक महत्व पर प्रकाश डाला। भूगोल और इतिहास विभाग की ओर से विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। यह गतिविधियां प्रो साची सूद और डॉ सविता के मार्गदर्शन मे की गई। भूगोल विभाग द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में "इक्वेटर ईलाइट" टीम ने प्रथम स्थान तथा "मेरीडियन मास्टर" टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा हिमानी ने करयाला विषय पर पीपीटी प्रस्तुत की। लक्ष्मी (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने भीमशीला दानो घाट पर एक वृत्तचित्र प्रस्तुत किया तथा भैरवी शर्मा (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने डग्याली उत्सव पर आधारित डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

विजेता टीमों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम के समापन पर भूगोल विभाग की प्राध्यापक प्रो. साची सूद ने प्राचार्य, प्राध्यापक एवं गैर-प्राध्यापक वर्ग तथा विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने सभी के सहयोग से कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।